व्याख्या—सेवण घास अलवर में स्थित न होकर जैसलमेर में स्थित है। जबकि अन्य जोड़े ठीक है।

1501. आर्थिक मामलों में सुधार के लिए सलाह हेतु राजस्थान सरकार ने एक संगठन का गठन किया है। इस संगठन का नाम है–

(a) आर्थिक नीति एवं सुधार परिषद
(b) आर्थिक नीति सुधार समिति
(b) आर्थिक सुधार परिषद
(d) आर्थिक सुझाव समिति

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — आर्थिक मामलों में सुधार के लिए सलाह हेतु राजस्थान सरकार ने एक संगठन का गठन किया है। इस संगठन का नाम आर्थिक नीति एवं सुधार परिषद है।

1502. राजस्थान का कौन-सा जिला अधिकतम मात्रा में `इसबगोल' पैदा करता है?

(a) झालावाड़ (b) जालोर (c) सिरोही (d) बूंदी

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — राजस्थान में ईसबगोल का सर्वाधिक उत्पादन जालोर जिले में होता है। ईसबगोल के उत्पादन में दूसरे एवं तीसरे स्थान पर क्रमशः सिरोही और बाड़मेर जिले हैं।

1503. धावड़िया वे व्यक्ति होते थे –

(a) जो कारवां व काफिले को लूटते थे
(b) जो राजाओं के लिए कर संग्रह करते थे
(c) जो अनाज का भंडारण करते थे
(d) जो दौड़ में भाग लिया करते थे

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — धावड़िया वे व्यक्ति होते थे, जो अनाज का भंडारण करते थे।

1504. राजस्थान में `खस' का सर्वाधिक उत्पादन किस मेखला से होता है?

(a) सवाई माधोपुर-भरतपुर-टोंक (b) गंगापुर-दौसा अलवर
(c) झालावाड़-कोटा-बून्दी (d) डूंगरपुर-बांसवाड़ा-उदयपुर

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2012
RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — खस घास भरतपुर, सवाई माधोपुर व टोंक जिलों में उत्पन्न होती है। खस से इत्र व अन्य वस्तुएं जैसे टाट, परदे, हाथ के पंखे और शर्बत आदि बनाये जाते हैं।

1505. राजस्थान में वर्ष 2010-11 में स्वतंत्रता के बाद का खाद्यान्नों का उच्चतम स्तर प्राप्त किया गया, यह था –

(a) 250 लाख टन (b) 235 लाख टन
(c) 210 लाख टन (d) 192 लाख टन

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – राजस्थान में वर्ष 2010-11 में स्वतंत्रता के बाद पहली बार 192 लाख टन लगभग खाद्यान्नों का उच्चतम स्तर प्राप्त किया गया है। 2020 में यह 231.25 लाख टन अनुमानित था।

1506. कथन-A : राजस्थान में खरीफ तिलहनों में मूँगफली, तिल, सोयाबीन तथा अरण्डी शामिल है।

कथन B : राजस्थान में रबी तिलहनों में राई, सरसों, तारामीरा तथा अलसी शामिल है।

(a) कथन A और B दोनों सही है।
(b) कथन A और B दोनों गलत है।
(c) कथन A सही और कथन B गलत है।
(d) कथन B सही है और कथन A गलत है।

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – भारत में मुख्यतः तीन फसलों की बुवाई की जाती है – रबी की फसल, खरीफ की फसल व जायद की फसल। राजस्थान में खरीफ तिलहनों के अंतर्गत मूंगफली, तिल, सोयाबीन तथा अरण्डी शामिल हैं वही रबी के फसलों में तिलहन के अंतर्गत राई, सरसों, तारामीरा तथा अलसी शामिल हैं।

1507. राजफैड के संदर्भ में कुछ कथन नीचे दिये जा रहे हैं। सही कथन को चुनिये –

कथन A : राजफैड राज्य में कृषकों को उन्नत बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाईयाँ उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाता है।
कथन B : राजफैड राज्य में कृषकों को उनकी फसलों के उचित मूल्य दिलवाने को सुनिश्चित करता है।
कथन C : राजफैड राज्य में कृषि के सर्वोच्च विकास बैंक के रूप में कार्य करता है।

(a) उपरोक्त सभी कथन सही है (b) A और B सही है
(c) A और C सही है (d) केवल A सही है

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – राजफैड के अंतर्गत राज्य में कृषकों को उन्नत बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाइयाँ उचित मूल्य पर उपलब्ध करायी जाती है। साथ ही इसके माध्यम से कृषकों को उचित मूल्य दिलवाने का प्रयास भी किया जाता है।

1508. राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में आदिवासियों द्वारा की जाने वाली कृषि को कहते हैं –

(a) बालरा (b) चिमाता
(c) दजिया (d) शुष्क खेती

उत्तर – (a & b)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – राजस्थान में दक्षिणी-पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में आदिवासी आजीविका के लिए कृषि कार्यों में संलग्न रहते हैं जिसे स्थानीय भाषा में 'चिमाता' और 'बालरा' कहते हैं जबकि मैदानी भागों में की जाने वाली कृषि 'दजिया' नाम से जानी जाती है।